PRABHAT KHABAR, JAMSHEDPUR EDITION, 11/09/2016

आरवीएस इंजीनियरिंग ' फ्री एंड ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर लैब 'का उद्घाटन

छात्र-छात्राओं को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

जमशेदपुर. आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शनिवार को ' फ्री एंड ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर लैब ' (फोस लैब) का उदघाटन किया गया. उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के निदेशक डॉ एमपी सिंह ने लैब की स्थापना को कॉलेज के इतिहास में एक मील का पत्थर बताया. साथ ही छात्र-छात्राओं को रोजगार प्राप्ति के लिए इस लैब का अधिक से अधिक उपयोग करने की सलाह दिये. वहीं, आरवीएस एजुकेशनल ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन का यह सपना था कि संस्थान में ' फ्री एंड ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर लैब' हो ताकि यहां विद्यार्थियों को इस तकनीक का अधिक-से-अधिक लाभ मिल सके. डॉ राजेश कुमार तिवारी ने फोस लैब के महत्व एवं इसके उपयोग पर विस्तृत प्रकाश डाला. फोस लैब का स्थापना आइआइटी मुंबई एवं कोल्हान विवि के सहयोग से की गयी है. आरवीएस कॉलेज केयू पहला ऐसा कॉलेज है जहां इस तरह के लैब की स्थापना हुई है. इससे छात्र-छात्राओं को निःशुल्क प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे उन्हें नौकरी मिलने में सहूलियत होगी. उद्घाटन के मौके पर प्राचार्य डॉ आरएन गुप्ता, प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर प्रो सादिक, प्रो अवीरा दासगुप्ता आदि ने भी उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित किये. इस अवसर पर शक्ति सिंह, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थीं.

- आइआइटी मुंबई एवं कोल्हान विवि के सहयोग से कॉलेज में लैब की स्थापना